राजस्व अपील प्राधिकारी, जयपुर

तारीख हुक्म	207/2020 गोपीराम / शासन — हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
24/7/20	आज यह पत्रावली वास्ते आदेश प्रारम्भिक आपत्ति एवं स्थगन हेतु प्रस्तुत हुई। अधिवक्ता उभयपक्ष की बहस पर मनन किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया। अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित आदेश जैर अपील दिनांक 03/07/2020 के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है की सुयोग्य अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अपने आदेश जैर अपील के माध्यम से विवादग्रस्त भूमि के मौके की यथास्थिति बनाये रखने का आदेश पारित करते हुये आगामी सुनवाई तिथि पर दुसरे पक्ष को सुने जाने के उपरान्त स्थगन बाबत निर्णय किया जायेगा का अंकन कर आगामी पेशी दिनांक 04/08/2020 नियत की गयी , जिसके विरुद्ध अपीलार्थी द्वारा यह अपील इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत हुई है। चूँकि सुयोग्य अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अपने आदेश जैर अपील में यह स्पष्ट अंकन किया गया है की दुसरे पक्ष को सुने जाने के उपरान्त स्थगन पर निर्णय किया जाना अभी शेष है एवं अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष प्रकरण में आगामी पेशी दिनांक 04/08/2020 इस हेतु नियत है एवं चूँकि जब अपीलार्थी के समक्ष अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर पक्ष प्रस्तुत करने का स्पष्ट रूप से अवसर मौजूद है , तो ऐसी परिस्थिति में इस अपील के माध्यम से कोई हस्तक्षेप किया जाना न्यायोचित प्रतीत नही होता है। अत: अपील अपीलार्थी अस्वीकार की जाकर न्यायहित में यह निर्देश प्रदान किये जाते है की अपीलार्थी अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष नियत दिनांक 04/08/2020 को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे एवं तत्पश्चातअधीनस्थ न्यायालय समुचित सुनवाई कर निर्णय पारित करे। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 24/07/2020 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। राजस्व अपील प्राधिकारी जयपुर	

राजस्व अपील प्राधिकारी जयपुर (राजस्थान)